‘इन्वेस्टर्स मीट - दिल्ली’ से राजस्थान को मिले 78,700 करोड़ रूपये के निवेश प्रस्ताव

संपादकीय सार

- 68,698 करोड़ रूपये के सहमति पत्र (MoU) तथा रु 10,099 करोड़ रुपये के आशय पत्र (LoI) हस्ताक्षरित
- प्रमुख निवेशकों में रिन्यू पावर, जे. के. लक्ष्मी सीमेंट, ओकाया ईवी, शामिल
- राजस्थान 'इज़ ऑफ़ डूइंग बिज़नेस' तथा निवेश अनुकूल नीतियों के कारण निवेशकों का पसंदीदा राज्य बना
- पूरे देश में ऐसे और 28 इनवेस्टर्स मीट की योजना है

आगामी जनवरी में प्रस्तावित राजस्थान सरकार द्वारा आयोजित इन्वेस्टर्स समिट - 'इन्वेस्ट राजस्थान- 2022' का प्रथम स्थानीय रोड शो दिल्ली में आयोजित हुआ। राजस्थान सरकार रु. 68,698 करोड़ के सहमति पत्र (MoU) तथा रु. 10,099 करोड़ के आशय पत्र (LoI) हस्ताक्षरित करवाने में सफल रही। यह निवेश राज्य के घीलोठ, भिवाड़ी, नीमराना, जयपुर, उदयपुर, अलवर एवं कई अन्य जिलों में स्थापित इकाइयों में प्रस्तावित है। यहाँ रीको द्वारा गत वर्षो में विशिष्ट सेक्टोरल ज़ोन विकसित किये गए हैं।

उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री, राजस्थान सरकार **श्रीमती शकुंतला रावत** ने कहा की, " राज्य सरकार ने नीति नियामक तंत्र का सृजन कर औद्योगिक विकास को गति दी है। RIPS-2019 प्रोत्साहन योजना, MSME अधिनियम, एकल खिड़की योजना (सिंगल विंडो सिस्टम) एवं वन स्टॉप शॉप (OSS) हमारी वह पहल है जिन्होंने निवेश की प्रक्रिया को सहज व सरल बनाया है।"

विशेष तौर पर कुछ अग्रणी निवेश समूहों ने प्रदेश में वृहद परियोजनाएँ स्थापित करने की मंशा जताई है, जैसे कि न्यू पावर ने राज्य के विभिन्न जिलों में रु 50,000 करोड़ का निवेश अक्षय ऊर्जा एवं सोलर मॉड्यूल विनिर्माण हेतु प्रस्तावित किया है। जे. के. लक्ष्मी ने नागौर, उदयपुर एवं अलवर में रु 4250 करोड़ रूपये का निवेश सीमेंट उत्पादन तथा लाइम स्टोन उत्खनन में प्रस्तावित किया है। वहीं लेन्सकार्ट ने भिवाड़ी में रु 400 करोड़ रूपये के निवेश का प्रस्ताव रखा है। डाइकिन एयरकंडिशनिंग ने 294 करोड़ रूपये के निवेश का प्रस्ताव रखा है। ओकाया ईवी ने 121.36 करोड़ रूपये के निवेश से नीमराना में इलेक्ट्रिक टू-थ्री व्हीलर के उत्पादन एवं एसेंबलिंग इकाई प्रस्तावित की है।

राजस्थान सरकार के प्रमुख आवासीय आयुक्त व अतिरिक्त मुख्य सचिव समन्वय, **सुश्री शुभ्रा सिंह** ने कहा कि, "राजस्थान क्षेत्रफल की दृष्टि से देश का विशालतम राज्य है तथा खनिज व अन्य प्राकृतिक संपदा से परिपूर्ण है। पिछले कुछ वर्षों में राज्य में एक सुदृढ़ नीति एवं आधारभूत सुविधा तंत्र विकसित किया गया है जो कि औद्योगिक विकास का कारक बन गया है। राजस्थान निवेशकों का पसंदीदा राज्य बन गया है क्योंकि यहाँ इज़ ऑफ़ डूइंग बिज़नेस एवं निवेश सहयोगी नीतिओं का निर्माण किया गया है।"

इन्वेस्ट राजस्थान रोड शो एक तरह से अनूठा आयोजन है, क्योंकि यह कोरोना महामारी के बाद प्रथम ऐसा आयोजन है जिसमें इन्वेस्ट राजस्थान-2022 से पहले विभिन्न जिलों और राज्यों में 28 और रोड शो आयोजित किए जा रहे हैं। दिलचस्प बात यह है कि पहली बार राज्य सरकार ने न केवल एमओयू/एलओआई पर हस्ताक्षर करने पर बल दिया है, बल्कि निवेशकों की परियोजनाओं के शिलान्यास और उद्घाटन पर जोर दिया है। जिला कलेक्टर पहली बार एमओयू पर हस्ताक्षर करेंगें। और इसी तरह प्रत्येक विभाग उनके नियत दिवस पर अपने अपने विभाग से समन्धित एमओयू पर हस्ताक्षर करेंगे।

निवेश अनुकूल नीतियों के कारण राजस्थान कई बड़े औद्योगिक घरानों, कॉर्पोरेट समूहों और उत्पादन इकायों का स्थल बन गया है, जिन्होंने रीको द्वारा 49000 एकड़ से ज़्यादा भूमि पर विकसित 350 विशाल औद्योगिक क्षेत्रों में अपनी इकाइयाँ स्थापित की है। रीको के औद्योगिक क्षेत्रों में 40,000+ इकाइयाँ कार्यरत है एवं लगभग 150 और औद्योगिक क्षेत्रों का विकास हो रहा है। राज्य का लगभग 58% क्षेत्र डीएमआईसी के प्रभाव क्षेत्र में पड़ता है, इसके अतिरिक्त नयी गैस ग्रिड परियोजना 1730 किमी तक फैली हुई है। राज्य में 3 इस ई-ज़ेड

(स्पेशल इकनोमिक ज़ोन) तथा 9 आईसीडी (इन-लैंड कंटेनर डेपो) कार्यरत है जो औद्योगिकी विकास को सुदृढ़ कर रहे हैं।

दिल्ली रोड शो का नेतृत्व श्रीमती शकुंतला रावत, माननीय उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री, राजस्थान सरकार द्वारा किया गया। इस मौके पर प्रमुख आवासीय आयुक्त व अतिरिक्त मुख्य सचिव सुश्री शुभ्रा सिंह, सचिव, उद्योग व प्रबंध निदेशक रीको श्री आशुतोष ए टी पेडणेकर, आयुक्त उद्योग व निवेश संवर्धन ब्यूरो, राजस्थान सराकर सुश्री अर्चना सिंह, तथा श्री धीरज श्रीवास्तव, आयुक्त, राजस्थान फाउंडेशन द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में श्री माधव सिंघानियां, उपप्रबंध निदेशक व सीईओ, जे के सीमेंट, श्री गौरव रूंगटा, प्रबंध निदेशक, मान स्ट्रक्चरल्स तथा श्री मयंक बंसल, मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी, रिन्यू पावर ने अपनी परियोजनाओं के विषय में बताया एवं राजस्थान में निवेश करने के अपने अनुभव साझा किये। श्री कंवलजीत जावा, अध्यक्ष, सीआईआई दिल्ली स्टेट कॉउंसिल व सीएमडी डाइकिन ऐरकंडीशनिंग इंडिया तथा श्री संजय साबू, अध्यक्ष, सीआईआई राजस्थान एवं प्रबंध निदेशक वेंकटेश्वरा वायर्स ने कार्यक्रम का परिचालन किया।

श्री अशोक गहलोत, माननीय मुखयमंत्री का संदेश -

"इन्वेस्ट राजस्थान-2022, राज्य के विकास एवं इसकी जनता की समृद्धि के लिए निजी क्षेत्र से दीर्घकालीन भागीदारी स्थापित करने की हमारी प्रतिबद्धता का साकार रूप है। निवेशकों को किये गए वायदों को पूर्ण करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। में आपको राजस्थान द्वारा प्रस्तुत किये जाने वाले अनेक आकर्षक अवसरों से रूबरू होने एवं उनसे लाभान्वित होने के लिए तथा एक उज्जवल भविष्य सुनिश्चित करने में आपकी भागीदारी आमंत्रित करता हूँ।"

अधिक जानकारी के लिए - https://invest.rajasthan.gov.in/